# अनचाही कॉल पर लगाम लगाने के लिये ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल

### संदर्भ

अक्सर लोगों को अनचाहे टेलीफोन कॉल आते रहते हैं जो उन्हें क्रेडिट कार्ड खरीदने या नए घर में निवेश करने या व्यक्तिगत ऋण देने से संबंधित होते हैं। जल्दी ही ये अनचाही कॉल अतीत की बात हो सकती है। क्योंकि भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI) ने ऐसी अनचाही कॉलों पर रोक लगाने और 2010 में लॉन्च की गई डू नॉट डिस्टर्ब (DND) सेवाओं को और अधिक मज़बूत बनाने के लिये ब्लॉकचेन समाधान का प्रस्ताव रखा है।

### नए नियामक से उपभोक्ता को क्या लाभ होंगे?

- नए नियम के तहत किसी तीसरी पार्टी को कॉल करने से पहले उपभोक्ता की रिकॉर्ड की सहमति की आवश्यकता होगी।
- इसका तात्पर्य यह है कि पंजीकृत टेलीमार्केट उपभोक्ता को केवल तभी कॉल कर सकते हैं जब उपभोक्ता ने DND 2.0 सेवा ऐप, SMS या फोन कॉल के माध्यम से स्पष्ट सहमति दी हो।
- उपभोक्ता इस सहमति को किसी भी समय रद्द कर सकता है।
- चूँकि, यह नई तकनीक अधिक गतिशील है, इसलिये उपभोक्ता को DND सेवा सक्रिय करने के लिये अब सात दिनों का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।
- नियामक मानदंडों का पालन किया जा रहा है कि नहीं, इसका पता लगाने के लिये ग्राहकों और व्यावसायिक संस्थाओं के बीच होने वाली सभी बातचीत की निगरानी की जाएगी।
- TRAI के अनुसार, 'ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी दो चीजें सुनिश्चित होंगी एक, केवल अधिकृत कंपनियां ही ग्राहकों का ब्यौरा प्राप्त कर सकेंगी और दूसरा यह ब्यौरा उन्हें तभी प्राप्त होगा जब उन्हें किसी ग्राहक को सेवा प्रदान करनी होगी।

### ब्लॉकचेन तकनीक प्रयोग करने वाला पहला टेलीकॉम सेक्टर

- TRAI ने दावा किया कि यह दुनिया का पहला दूरसंचार क्षेत्र है जो अनचाही कॉल को रोकने के लिये तकनीक का प्रयोग इस पैमाने पर कर रहा है।

### क्या है ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी?

- ब्लॉकचेन एक ऐसी प्रौद्योगिकी है जो एक सुरक्षित एवं आसानी से सुलभ नेटवर्क पर लेन-देन का एक विकेंद्रीकृत डाटाबेस तैयार करती है।
- लेन-देन के इस साझा रिकॉर्ड को नेटवर्क पर स्थित कोई भी व्यक्ति देख सकता है।
- वास्तव में ब्लॉकचेन डाटा ब्लॉकों की एक श्रृंखला होती है तथा प्रत्येक ब्लॉक में लेन-देन का एक समूह समाविष्ट होता है।
- ये ब्लॉक एक-दूसरे से इलेक्ट्रॉनिक रूप से जुड़े होते हैं तथा इन्हें कूट-लेखन के माध्यम से सुरक्षा प्रदान की जाती है।
- ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी का सर्वोत्तम एवं सबसे बड़ा उदाहरण बिटकॉइन नेटवर्क है। यह तकनीक सुरक्षित है।
- इसे हैक करना मुश्किल होता है। साइबर अपराध और हैकिंग को रोकने के लिये यह तकनीक सुरक्षित मानी जाती है।

### ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी तथा टेली मार्केटिंग

- टेलीमार्केटिंग पर लागू होने पर, ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी किसी भी समय मोबाइल उपयोगकर्त्ता द्वारा किये गए सभी अनुरोधों को रिकॉर्ड करेगी, जिससे उन्हें तीसरे पक्ष की किसी भी अवांछित गतिविधि से बचाया जा सकेगा।
- यह मोबाइल उपयोगकर्त्ता द्वारा किसी भी कार्रवाई का डिजिटल संकेत निर्धारित करेगा तथा रिकॉर्ड को गैर-अस्वीकार्य बना देगा।
- यह उपयोगकर्त्ता के साथ-साथ टेलीमार्केट द्वारा की गई सभी 'ऑप्ट-इन या ऑप्ट-आउट' चॉइस का रिकॉर्ड सुरक्षित रखेगा।

### भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI)

- यह भारत में दूरसंचार व्यवसाय का स्वतंत्र नियामक है।
- इसकी स्थापना दूरसंचार सेवाओं और टैरिफ को विनियमित करने के लिये संसद के एक अधिनियम द्वारा वर्ष 1997 में की गई थी।
- ट्राई एक सरकारी संस्था है जो देश में दूरसंचार के क्षेत्र में काम कर रही कंपनियों के लिये नियामक अर्थात् उनके नियमन और देख-रेख का काम करती है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/trai-eyes-blockchain-solution-to-cut-pesky-calls